चित्रकला—प्राचीन चीनी सभ्यता की चित्रकला भी काफी उन्नत अवस्था में थी। उत्खनन से प्राप्त हुए बर्तनों व मन्दिरों की दीवारों पर चित्रकला के अनेक सुन्दर प्रतिरूप प्राप्त हुए हैं। चीनीवासी प्राकृतिक दृश्य एवं ऐतिहासिक घटनाओं के सजीव चित्रण में निपुण थे। चीनी चित्रों में दार्शनिक भावना एवं निजी अनुभूति की प्रमुखता होती थी। हान राजवंश में चित्रकला काफी विकसित थी। उस युग का एक शृंगार-दान व ढक्कन खुदाई में प्राप्त हुआ है, जिसके ऊपर एक पक्षी का चित्र अंकित है। यह प्राचीन चीनी चित्रकला का उत्कृष्ट प्रतिरूप है। हान राजवंश का प्रसिद्ध चित्रकार 'कुनाई चीह' था। इसके द्वारा निर्मित चित्रकारी अपनी मौलिकता व उत्कृष्टता का प्रतीक थी।

मूर्तिकला—चीनी सभ्यता के लोग मूर्तिकला के क्षेत्र में भी अग्रणी स्थान रखते थे। चीन में मूर्तिकला का समुचित रूप से विकास हुआ। चीनी समाज में मूर्तियों के द्वारा मानव सौन्दर्य का प्रदर्शन नैतिकता के विपरीत समझा जाता था। चीन में बौद्ध धर्म के प्रसार से पूर्व तक यहाँ केवल पशुओं की आकृति की ही मूर्तियाँ प्राप्त होती हैं। मूर्तियाँ मिट्टी, हाथी दाँत और पत्थर की बनायी जाती थीं। चीन के पीकिंग के पास एक मन्दिर में 'बुद्ध' की शयनावस्था की एक मूर्ति है, जिसे चीनी मूर्तिकला का एक उत्कृष्ट प्रतिरूप कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त चीनी मूर्तिकार कांस्य की वस्तुएँ बनाने में काफी निपुण थे। इन वस्तुओं पर जड़ाई और अलंकरण का कार्य भी काफी अच्छा किया जाता था।

इस प्रकार विश्व के इतिहास में चीनी सभ्यता के योगदान विविध थे। चीनी सभ्यता ने सामाजार्थिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों द्वारा विश्व में अपनी पहचान को पुख्ता किया। साथ ही कागज, रेशम का कपड़ा, बैंकिंग प्रणाली एवं छापेखाने इत्यादि चीन की खोज ने शेष प्राचीन सभ्यताओं को विकास के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराये। कन्फ्यूशियस, लाओत्से, मैन्शियस एवं बौद्ध की शिक्षाओं ने दुनिया के लोगों का ध्यान आकर्षित कर सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक जीवन को समृद्धि प्रदान की।

प्रश्न (QUESTIONS)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LongAnswer Type Questions)

1. चीनी सभ्यता के उदय एवं विकास के बारे में विस्तार से समझाइए।
   Explain in detail about the rise and development of Chinese civilization.
2. चीनी सभ्यता की प्रमुख विशेषताएँ क्या थीं ? प्रकाश डालिए।
   What were the main features of Chinese civilization ? Throw light.
3. चीन के उन विभिन्न राजवंशों की व्याख्या कीजिए, जिन्होंने चीन में शासन किया।
   Explain the different dynasties of China that ruled in China.
4. चीनी सभ्यता के बारे में आप क्या जानते हैं ? बताइए।
   What do you know about Chinese civilization ? Explain.
5. चीनी सभ्यता की शासन व्यवस्था क्या थी ? विस्तार से बताइए।
   What was the governance system of Chinese civilization ? Explain in detail.
6. चीन सभ्यता की सामाजिक व्यवस्था के बारे में बताइए।
   Explain the social system of Chinese civilization.
7. चीन का धार्मिक जीवन क्या था ?
   What was the religious life of China ?

लघु उत्तरीय प्रश्न (ShortAnswer Type Questions)

1. चीनी सभ्यता की सामाजिक व्यवस्था के बारे में संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।
   Briefly describe the social system of Chinese civilization.
2. प्राचीन चीनी सभ्यता में स्त्रियों की दशा कैसी थी ? बताइए।
   What was the condition of women in ancient Chinese civilization ? Explain.
3. प्राचीन चीन की प्रशासनिक व्यवस्था कैसी थी ? उल्लेख कीजिए।
   How was the administrative system of ancinent China ? Mention it.
4. प्राचीन चीनी समाज में धार्मिक जीवन पर टिप्पणी लिखिए।
   Write a note on religious life in ancinent Chinese society.

5. कन्फ्यूशियसवाद के बारे में बताइए।
Describe confucianism.
6. चीनी सभ्यता की शिक्षा साहित्य एवं लिपि पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the education, literature and script of Chinese civilization.
7. प्राचीन चीनी सभ्यता की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने समाज को क्या योगदान दिया ? वर्णन कीजिए।
What contribution did the science and technology of ancient Chinese civilization make to society ? Describe.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

I. बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

1. 'कुनाई चीह' नामक चित्रकार का सम्बन्ध किस चीनी राजवंश से था ? (The painter named 'Kunai Chih' was related to which Chinese dynasty ?)
(अ) शांग वंश (Shang dynasty) (ब) हान वंश (Han dynasty)
(स) चाऊ वंश (Chau dynasty) (द) चिन वंश (Chin dynasty)
2. निम्न में से किस प्राचीन सभ्यता में प्रत्येक परिवार में पूर्वजों की पूजा की जाती थी ? (In which of the following ancient civilizations, ancestors were worshiped in each family ?)
(अ) चीन की सभ्यता (Chinese civilization)
(ब) रोम की सभ्यता (Rome civilization)
(स) सिन्धु घाटी की सभ्यता (Indus Valley civilization)
(द) इनमें से कोई नहीं (None of these)
3. निम्न में से कौन-सा आविष्कार चीन में हुआ ? (Which of the following was invented in China ?)
(अ) जल घड़ी (Water clock) (ब) भूकम्पलेखी यंत्र (Seismograph)
(स) कागज (Paper) (द) उपर्युक्त सभी (All of these)
4. चीन का सबसे प्राचीन राजवंश कौन-सा था ? (Which was the oldest dynasty of China ?)
(अ) चाऊ वंश (Chau dynasty) (ब) हान वंश (Han dynasty)
(स) शांग वंश (Shang dynasty) (द) चिन वंश (Chin dynasty)
5. निम्न में से किस सभ्यता में 'राजस्व में देवत्व' की भावना का प्रचलन था (In which of the following civilizations, the spirit of divinity in revenue was prevalent) :
(अ) बेबीलोन की सभ्यता (Babylonian civilization)
(ब) मिस्र की सभ्यता (Egyptian civilization)
(स) चीन की सभ्यता (Chinese civilization)
(द) ये सभी (All of these)
6. प्राचीन सभ्यताओं में 'रेशम' का आविष्कार कहाँ हुआ है ? (Where was the inventation of 'silk' in ancient civilization ?) :
(अ) चीनी सभ्यता में (In Chinese civilization) (ब) सिन्धु सभ्यता में (In Indus civilization)
(स) मिस्र कर सभ्यता में (In Egyptian civilization) (द) इनमें से कोई नहीं (None of these)
7. कन्फ्यूशियस निवासी था (Confucius was a resident of) :
(अ) मिस्री सभ्यता का (Egyptian civilization)
(ब) बेबीलोन सभ्यता का (Babylonian civilization)
(स) सिन्धु सभ्यता का (Indus civilization)
(द) इनमें से कोई नहीं (None of these)

[उत्तर—1. (ब), 2. (अ), 3. (द), 4. (स), 5. (स), 6. (अ), 7. (द)।]

II. सत्य या असत्य कथनों की पहचान कीजिए (Identify True or False Statements)

1. चीन की सभ्यता संसार की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है।
Chinese civilization is one of the oldest civilization in the world.

2. हान राजवंश ने चीन में 206 ई. से 220 ई. पू. तक राज किया।
   The Han dynasty ruled China from 206 A.D. to 220 B.C. ruled till.
3. चीनी सभ्यता में शिक्षा का महत्व नहीं था।
   Education was not important in Chinese civilization.

[उत्तर—1. सत्य (True), 2. सत्य (True), 3. असत्य (False)।]

III. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** (Fill in the Blanks)

1. चीन एशिया महाद्वीप के.....में स्थित है।
   China is located in the.....continent of Asia.
2. प्राचीन चीनी सभ्यता के लोग पृथ्वी एवं आकाश को.....के रूप में पूजते थे।
   People of ancient Chinese civilization worshiped the earth and sky in the form of..... .
3. बौद्ध धर्म चीन में सबसे.....प्रचलित धर्म हैं।
   Buddhism is most popular in China.....are prevalent religious.

[उत्तर—1. पूर्व (East), 2. स्त्री व पुरुष (Man and Women) 3. अधिक (More)।]